अध्याय 5

मन्दिर का काम फिर से आरम्भ होना

अपने देश में लौटने के बाद, परमेश्वर की इच्छा के अनुसार यहूदियों ने मन्दिर का पुनर्निर्माण करना आरम्भ किया। उन्होंने बड़े आनन्द के साथ नींव रखी। फिर, काम बन्द हो गया क्योंकि "उस देश के लोग यहूदियों को निराश करने और उन्हें डराकर मन्दिर बनाने में रुकावट डालने लगे" (4:4)। हालाँकि मन्दिर के पुनर्निर्माण की कहानी यहाँ पर समाप्त नहीं होती है। यह अध्याय 5 और 6 में जारी रहती है, जहाँ हम जानते हैं कि हाग्गै और जकर्याह नामक नबियों की विनती पर मन्दिर पर काम फिर से आरम्भ हुआ; और, परमेश्वर की देखरेख में, यह पूरा हुआ।

हाग्गै और जकर्याह का लोगों को प्रोत्साहित करना (5:1, 2)

[1]तब हाग्गै नामक नबी और इद्दो का पोता जकर्याह यहूदा और यरूशलेम के यहूदियों से नबूवत करने लगे, उन्होंने इस्राएल के परमेश्वर के नाम से उनसे नबूवत की। [2]तब शालतीएल का पुत्र जरुब्बाबेल और योसादाक का पुत्र येशू, कमर बाँधकर परमेश्वर के भवन को जो यरूशलेम में है बनाने लगे; और परमेश्वर के वे नबी उनका साथ देते रहे।

आयत 1. मन्दिर के काम को फिर से आरम्भ करने के लिए लोगों को जिस बात की आवश्यकता थी, वह प्रभु की ओर से एक वचन था। वह वचन **हाग्गै** और **जकर्याह** के माध्यम से आया। हाग्गै का यहाँ एक **नबी** के रूप में परिचय दिया गया है। उसके नाम का अर्थ "त्यौहार" या "पर्व" के समान है और इसलिए यह संकेत कर सकता है कि उसका जन्म एक पर्व के दिन हुआ था। इस अध्याय और इस पुस्तक से जो अनुमान लगाया जा सकता है, भविष्यद्वक्ता के विषय में उसके अलावा कुछ और ज्ञात नहीं है। यहाँ पर जकर्याह को **इद्दो का पोता** कहा गया है। जकर्याह 1:1 से पता चलता है कि वह इद्दो का पोता था। इस प्रकार, इस आयत में "पोते" का अर्थ सम्भवतः "वंशज" है।

नबियों ने अपना काम आरम्भ किया क्योंकि परमेश्वर ने उन्हें उभारा कि वे यहूदियों को प्रेरित करें ताकि वे उसके काम को पूरा करें। 520 ई.पू. में, हाग्गै "छठे महीने के पहले दिन" (हाग्गै 1:1) जरुब्बाबेल और येशू के पास गया - यह अगस्त

का कोई समय है। उसके शक्तिशाली उपदेश के कारण, मन्दिर पर तीन सप्ताह बाद काम पुनः आरम्भ हो गया (हाग्गै 1:15)। इसके दो महीने बाद, यहोवा ने जकर्याह को हाग्गै के साथ नबूवत के काम में सम्मिलित होने के लिए उभारा (जकर्याह 1:1)।

हाग्गै और जकर्याह दो भविष्यद्वक्ता थे जिनका एक ही लक्ष्य था - लोगों को मन्दिर के पुनर्निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना। फिर भी, उन्होंने विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल किया। हाग्गै सादा सरल मनुष्य था; उसका संदेश स्पष्ट और सटीक था: "मन्दिर का निर्माण करो!" इसके विपरीत, जकर्याह एक दूरदर्शी व्यक्ति था, जिसने परमेश्वर द्वारा उसे दिए गए दर्शन के माध्यम से, यहूदियों को प्रोत्साहित किया। उसने उनके साथ एक स्वर्गदूत द्वारा उससे कही गईं "अच्छी और शान्ति की बातें" साझा कीं (देखें जकर्याह 1:13-17)। उसने उनकी टूटी हुई आत्माओं को सुधारने और उनके हृदयों को उठाने का प्रयास किया। इन दोनों व्यक्तियों ने मिलकर उसका काम को पूरा किया, जो उन्हें करने के लिए भेजा गया था - अर्थात परमेश्वर ने उन्हें जो काम करने के लिए भेजा था।

आयत 2. जैसे ही लोग **परमेश्वर के भवन को जो यरूशलेम में है** बनाने लगे **जरुब्बाबेल और येशू** ने लोगों का नेतृत्व किया जरुब्बाबेल, जिसे हाग्गै 1:1 में यहूदियों का "अधिपति" कहा गया है, उसे यहाँ शालतीएल के पुत्र के रूप में वर्णित किया गया है, जो बताता है कि वह राजा दाऊद का सीधा वंशज था। "शालतीएल" यहोयाकीम (यकोन्याह) का पुत्र था, जो यहूदा के अन्तिम राजा से अगला था (1 इतिहास 3:17)। हालाँकि यहोयाकीम का स्थान सिदकिय्याह ने ले लिया था, परन्तु उसे यहूदा का अन्तिम वैध राजा माना जाता था। जरुब्बाबेल यहूदा के अधिपतियों द्वारा राजनीतिक अधिकार प्राप्त दाऊद के वंश का अन्तिम व्यक्ति था।[1]

हालाँकि इस वाक्यांश में और दूसरे स्थानों पर जरुब्बाबेल को "शालतीएल का पुत्र" कहा गया है (3:28; नहेम्य. 12:1; हाग्गै 1:1), 1 इतिहास 3:19 में वह "पदायाह के पुत्र के रूप में सूचीबद्ध है यहोयाकीम का दूसरा पुत्र और शालतीएल का भाई।" हो सकता है कि पदायाह ने अपने मृत भाई शालतीएल की विधवा स्त्री से लेविरेट विवाह में विवाह किया हो (व्यव. 25: 5-6)।"[2] जरुब्बाबेल को यीशु के वंशावली में शालतीएल के पुत्र के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया है (मत्ती 1:12, 13; लूका 3:27)।

हालाँकि जरुब्बाबेल को यहूदियों द्वारा एक राजा कभी नहीं माना गया था, टीकाकार कभी-कभी यह अनुमान लगाते हैं कि कुछ यहूदियों को उसे राजा बनाना और इसलिए उसका दाऊद के राज्य को पुनः स्थापित करना पसंद रहा होगा। कुछ लोग सोचते हैं कि फारसी राजाओं को भय था कि यहूदा में एक राजकीय दल का उदय हो सकता है, इसलिए वे सावधान थे कि जरुब्बाबेल को बहुत अधिक शक्ति न दें (और हो सकता है उनकी चिंता के कारण उसे अन्त में अधिपति के पद से उतार दिया गया हो)। फ्रेड्रिक कार्लसन होल्मग्रेन ने टिप्पणी की और कहा कि जरुब्बाबेल, जो कि दाऊद का वंशज था, हालाँकि उसे राजा या प्रधान नहीं कहा जाता है, उसने उसी तरह का कार्य किया जो राजाओं और प्रधानों ने इस्राएल के

इतिहास में किया था: उन्होंने मन्दिर का निर्माण और मरम्मत की (सुलैमान, हिजकिय्याह, और योशिय्याह के कामों के समान)।[3]

जब जरुब्बाबेल ने अधिपति के रूप में कार्य किया, तब येशू महायाजक था (2:2 पर टिप्पणी देखें)। जरुब्बाबेल और येशू के नेतृत्व को भविष्यद्वक्ताओं के निरंतर कार्य द्वारा समर्थित किया गया था। पुनर्निर्माण की अवधि के दौरान, जो लगभग चार साल तक चला, **परमेश्वर के वे नबी उनका साथ देते रहे**, और इस बात में कोई संदेह नहीं कि उन्हें परमेश्वर के वचन के द्वारा प्रोत्साहित करते और चिताते रहे थे।

फारसी अधिकारियों द्वारा लोगों से पूछताछ किया जाना (5:3-5)

[3]उसी समय महानद के इस पार का तत्तनै नामक अधिपति और शतर्बोजनै अपने सहयोगियों समेत उनके पास जाकर यों पूछने लगे, "इस भवन को बनाने और इस शहरपनाह को खड़ा करने की किसने तुम को आज्ञा दी है?" [4]उन्होंने लोगों से यह भी कहा, "इस भवन के बनाने वालों के क्या नाम हैं?" [5]परन्तु यहूदियों के पुरनियों के परमेश्वर की दृष्टि उन पर रही, इसलिये जब तक इस बात की चर्चा दारा से न की गई और इसके विषय चिट्ठी के द्वारा उत्तर न मिला, तब तक उन्होंने इनको न रोका।

जैसे ही निर्माण कार्य आरम्भ हुआ, एक समस्या उत्पन्न हो गई। इस बार समस्या का स्रोत देश के लोग नहीं थे, बल्कि उस प्रांत का अधिपति था जिसका भाग यहूदा था।

आयत 3. जिन लोगों ने इस अवसर पर यहूदियों से पूछताछ की, वे 4:1-3 में नामित यहूदियों के विरोधियों से अलग थे। इस बार, जाँच का प्रधान **तत्तनै** था, जिसका परिचय **महानद के इस पार का तत्तनै नामक अधिपति** के रूप में दिया गया है, वह साम्राज्य जिसके अधीन यहूदा स्थित था।[4]

उसके साथ प्रत्यक्ष रूप से उसका सहायक **शतर्बोजनै**, और अन्य सरकारी कर्मचारी थे। उन्होंने पूछा, **"इस भवन को बनाने और इस शहरपनाह को खड़ा करने की किसने तुम को आज्ञा दी है?"** वे यह जानना चाहते थे कि "मन्दिर" का निर्माण करने के लिए किसने यहूदियों को अधिकार दिया था।[5] जाँच आरम्भ करने का उनका कारण समझ में आता है। किसी भी बड़े ढांचे के निर्माण को फारसी राजा द्वारा अनुमोदित किया जाता था, क्योंकि इस तरह की गतिविधि से पता चल सकता था कि इसे बनाने वाले लोग अपने फारसी स्वामी के विरुद्ध विद्रोह करने की कगार पर थे। यह ध्यान देने योग्य है कि तत्तनै और उसके साथियों द्वारा उठाए गए प्रश्न अध्याय 4 में यहूदियों के विरोधियों की शत्रुता से भिन्न थे। यहाँ चित्रित फारसी अधिकारी वे पुरुष थे जो केवल राजा के हितों की रक्षा के लिए अपना काम कर रहे थे।

आयत 4. NASB के अनुसार, जो कि MT को दर्शाती है, यहूदी प्रधानों ने तत्तनै की विनती का उत्तर इस परियोजना के अगुवों के **नामों** को देने के द्वारा

दिया। हालाँकि, यहाँ एक दुविधा में डालने वाला बदलाव होता है: लेखक आयत 3 ("तत्तनै ... उनके पास जाकर यों पूछने लगे") में तृतीय पुरुष को आयत 4 (**उन्होंने लोगों से यह भी कहा**) में प्रथम पुरुष में बदल देता है। अन्य सम्भावनाओं के बीच, रूबेन रतज़लफ ने सुझाव दिया कि "हम" "को 'वे' में संशोधित किया जाना चाहिए; अरामी में केवल थोड़ा सा अंतर होगा, और परिवर्तन को एक लेखनीय त्रुटि के रूप में देखा जा सकता है।"[6] स्पष्ट तौर पर, अधिकांश अनुवादक इस सुझाव को स्वीकार करते हैं, चूंकि आधुनिक संस्करणों में "हम" नहीं है, बल्कि इसके बजाय वे LXX का अनुसरण करते हैं और "वे" पढ़े जाते है (RSV; NRSV; NIV; NEB; REB; TEV; NCV; NLT; ESV)। उदाहरण के लिए, REB कहती है, "उन्होंने लोगों से यह भी कहा, इस भवन के बनाने वालों के क्या नाम हैं?" यह अर्थ आयत 10 के द्वारा भी समर्थित है, जो कहती है कि अधिकारियों ने यहूदियों से उनके नाम पूछे।

आयत 5. इस परिस्थिति में, यहूदियों को धमकाया नहीं गया था, उस परिस्थिति के समान नहीं, जिसका वर्णन पिछले अध्याय में किया गया है। सम्भवतः यह कहना अधिक सटीक होगा कि परमेश्वर ने अपनी इच्छा से अपने लोगों की खतरों और धमकाने वाली चालाकियों से रक्षा की। इस बार, काम को रोकने के बजाय, जैसा कि उन्होंने पहले किया था, उन्होंने तत्तनै के यह पुष्टि करने तक निर्माण कार्य जारी रखा कि उन्हें इस काम के लिए फारस के राजा के द्वारा आज्ञा दी गई थी। काम के जारी रहने का वास्तविक कारण यह था कि **यहूदियों के पुरनियों के परमेश्वर की दृष्टि उन पर रही**। अन्य शब्दों में, परमेश्वर की सुरक्षात्मक देखभाल के कारण काम में प्रगति हुई।

दारा को पत्र भेजा जाना (5:6-17)

[6]जो चिट्ठी महानद के इस पार के अधिपति तत्तनै और शतर्बोजनै और महानद के इस पार के उनके सहयोगियों अपार्सकियों ने राजा दारा के पास भेजी उसकी नकल यह है; [7]उन्होंने उसको जो चिट्ठी लिखी, उस में यह लिखा था: "राजा दारा का कुशल क्षेम सब प्रकार से हो। [8]राजा को विदित हो कि हम लोग यहूदा नामक प्रान्त में महान परमेश्वर के भवन के पास गए थे, वह बड़े-बड़े पत्थरों से बन रहा है, और उसकी दीवारों में कड़ियाँ जुड़ रही हैं; और यह काम उन लोगों के द्वारा फुर्ती के साथ हो रहा है, और सफल भी होता जाता है। [9]इसलिये हम ने उन पुरनियों से यों पूछा, 'यह भवन बनवाने, और यह शहरपनाह खड़ी करने की आज्ञा किसने तुम्हें दी?' [10]और हम ने उनके नाम भी पूछे, कि हम उनके मुख्य पुरुषों के नाम लिखकर तुझ को जता सकें। [11]उन्होंने हमें यों उत्तर दिया, 'हम तो आकाश और पृथ्वी के परमेश्वर के दास हैं, और जिस भवन को बहुत वर्ष हुए इस्राएलियों के एक बड़े राजा ने बनाकर तैयार किया था, उसी को हम बना रहे हैं। [12]जब हमारे पुरखाओं ने स्वर्ग के परमेश्वर को क्रोध दिलाया, तब उसने उन्हें बेबीलोन के कसदी राजा नबूकदनेस्सर के हाथ में कर दिया था, और उसने इस भवन को नष्ट किया और लोगों को बन्दी बनाकर बेबीलोन को ले गया। [13]परन्तु बेबीलोन के राजा कुस्रू

के पहले वर्ष में उसी कुस्रू राजा ने परमेश्वर के इस भवन को बनाने की आज्ञा दी। 14परमेश्वर के भवन के जो सोने और चाँदी के पात्र नबूकदनेस्सर यरूशलेम के मन्दिर में से निकलवाकर बेबीलोन के मन्दिर में ले गया था, उनको राजा कुस्रू ने बेबीलोन के मन्दिर में से निकलवाकर शेशबस्सर नामक एक पुरुष को जिसे उसने अधिपति ठहरा दिया था, सौंप दिया। 15उसने उससे कहा, "ये पात्र ले जाकर यरूशलेम के मन्दिर में रख, और परमेश्वर का वह भवन अपने स्थान पर बनाया जाए।" 16तब उसी शेशबस्सर ने आकर परमेश्वर के भवन की जो यरूशलेम में है नींव डाली; और तब से अब तक यह बन रहा है, परन्तु अब तक नहीं बन पाया।' 17अब यदि राजा को अच्छा लगे तो बेबीलोन के राजभण्डार में इस बात की खोज की जाए कि राजा कुस्रू ने सचमुच परमेश्वर के भवन के, जो यरूशलेम में है, बनवाने की आज्ञा दी थी या नहीं। तब राजा इस विषय में अपनी इच्छा हम को बताए।"

अध्याय जारी रहता है और उस समाचार के साथ समाप्त होता है जो तत्तनै और उसके साथियों ने दारा को भेजा था, जो स्वयं उस प्रश्न के उत्तर को उद्धृत करता है जो यहूदियों से पूछा गया था।

आयतें 6, 7. ये आयतें उन व्यक्तियों के नाम और पदों का वर्णन करती हैं जिन्होंने पत्र भेजा था: **महानद के इस पार के अधिपति तत्तनै और शतर्बोजनै और महानद के इस पार के उनके सहयोगियों अपार्सकियों ने।** उन्होंने इसका भी किया है कि यह किसे सम्बोधित करती थी: **राजा दारा।** इसमें इस प्रकार का अभिवादन भी सम्मिलित हैं ("**कुशल क्षेम सब प्रकार से हो**") जो कि कई बार इस प्रकार के पत्रों में मिलता था (देखें 4:17; 7:12)।

आयत 8. पत्र **राजा** को यह सूचना देने के द्वारा आरम्भ होता है कि लेखकों ने व्यक्तिगत तौर पर यहूदियों के निर्माण स्थल और बनाने वालों अब तक क्या बनाया था उसकी जाँच की थी। इसमें यह टिप्पणी की गई थी कि वे **महान परमेश्वर के भवन** का निर्माण कर रहे थे, जिसका अर्थ है कि वे एक शहरपनाह का निर्माण नहीं कर रहे थे। हालाँकि फारसी अधिकारियों ने यहोवा को "महान परमेश्वर" कहा, परन्तु उसका अर्थ यह नहीं था कि उन्होंने उसे सब देवताओं से महान के रूप में स्वीकार कर लिया था; बल्कि, उन्होंने उसे यहूदियों के "उच्च देवता" के रूप में मान्यता दी थी।

अधिकारियों ने समाचार दिया कि यहूदियों ने **दीवारों** में **बड़े-बड़े पत्थर** और **कड़ियाँ** रख दिए थे, और यह काम उन लोगों के द्वारा **फुर्ती के साथ** हो रहा है, और उनका मन्दिर का निर्माण करने का यत्न **सफल भी** होता जाता है। "बड़े-बड़े पत्थर" (אַבְנִין גְּלָל, *'एबेन गेलाल*) में अनुवादित शब्दों का अर्थ कठिन है। कीथ एन. शॉविल ने निष्कर्ष निकाला, "ये चौकोर पत्थर, तराशे हुए पत्थर थे। महान हेरोदेस द्वारा दूसरे मन्दिर के पुनर्निर्माण के विशाल चौकोर पत्थरों के उदाहरण आज भी मन्दिर के पहाड़ की पश्चिमी दीवार में देखे जा सकते हैं।"[7]

आयतें 9, 10. आगे पत्र में उन प्रश्नों को निर्दिष्ट किया गया है जो अधिकारियों ने **पुरनियों** से पूछे थे (यरूशलेम में यहूदी समुदाय के प्रधान): (1) **"यह भवन**

बनवाने, और यह शहरपनाह खड़ी करने की आज्ञा किसने तुम्हें दी?" उनके प्रश्न का तात्पर्य यह था कि, इस तरह के अधिकार के बिना, यहूदियों को परियोजना में लगे रहने का कोई अधिकार नहीं था।[8] (2) उन्होंने **उनके नाम भी पूछे**। अन्य शब्दों में, उन्होंने पूछा, "इस काम का प्रधान कौन है?" प्रधानों के "नाम" लिखे जाने थे, इस बात को स्पष्ट करने के लिए कि यदि इस काम की आज्ञा नहीं दी गई थी कि फारसी राजा जान लेगा कि इसका जिम्मेदार किसे ठहराना था। किसी का नाम पूछना और लिखना धमकी भरा हो सकता है; यह संकेत देता है कि कोई उसकी सूचना उसे फटकार लगवाने या दण्ड दिलवाने के लिए भी दे सकता था। पत्र की इस नकल में नामों को सम्मिलित नहीं किया गया है; सम्भवतः, वे नाम इसके साथ के एक चर्मपत्र पर पाए गए थे।

आयत 11. यहूदियों का उत्तर वह था जिसे मार्क ए. थ्रोनवीट ने "धार्मिक और राजनीतिक कूटनीति का एक नमूना" कहा है।[9] उन्होंने इस प्रश्न का उत्तर मन्दिर के इतिहास को 5:11-16 में सारांशित करके दिया कि किसने उन्हें संरचना का निर्माण करने के लिए अधिकृत किया था।

यहूदियों ने **स्वर्ग और पृथ्वी के परमेश्वर** के प्रति अपनी निष्ठा की घोषणा करके आरम्भ किया। हालाँकि सम्भवतः फारसियों के कुछ झूठे देवताओं को इसी तरह के शीर्षकों द्वारा बुलाया जाता था, जिन्होंने यहूदियों को सुना, वे समझ गए होंगे कि वे उस परमेश्वर की तुलना में जिसकी वे विशेष रूप (याहवेह) से आराधना करते थे किसी अन्य देवता की आराधना करने का सन्दर्भ नहीं दे रहे थे, परमेश्वर के लोग उसे "स्वर्ग और पृथ्वी" की सभी वस्तुओं का एकमात्र स्वामी मानते थे।

पुरनियों ने यह समाचार भी दिया कि मन्दिर का निर्माण **इस्राएलियों के एक बड़े राजा ने बनाकर** तैयार किया था। सुलैमान ने पहला मन्दिर (1 राजा. 6:1-38) बनाया था, परन्तु उसका नाम से परिचय नहीं दिया गया था क्योंकि इसका उन लोगों के लिए कोई महत्व नहीं था जो यहूदियों से पूछताछ कर रहे थे।

आयत 12. उन्होंने स्वीकार किया कि **मन्दिर** को **नबूकदनेस्सर** ने **नष्ट** कर दिया था, जो **लोगों को बन्दी बनाकर बेबीलोन को ले गया**। उन्होंने अंगीकार किया कि, यह दुखद घटना इस कारण हुई, क्योंकि उनके **पुरखाओं** ने परमेश्वर के विरुद्ध पाप किया था। यहाँ परमेश्वर के न्याय (एक धार्मिक दृष्टिकोण) को 586 ई.पू. में यरूशलेम का विनाश के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है, जबकि 4:15 में यह उनके स्वामियों (एक मानवीय दृष्टिकोण) के विरुद्ध यहूदियों के बलवे के प्रकाश में समझाया गया है।[10] थ्रोनवीट ने कहा कि उनके उत्तर में "बंधुआई में जाने और वापसी की गहन धार्मिक समझ सम्मिलित है" और, उनके अंगीकार से, "पुरनिए इस बात का प्रदर्शन करते हैं कि बंधुआई में के क्रूसिबल ने अपने इच्छित उद्देश्य को पूरा किया है।" यद्यपि नबियों ने कई वर्षों तक यहूदा के पापों के कारण-प्रभाव और 586 ई.पू. के विनाश के सम्बन्ध में व्याख्या की थी, अब लोगों ने "उनके अपराध और परमेश्वर के दण्ड के न्याय को पहचान लिया था।"[11] फारसियों ने यहाँ यहूदियों के तर्क को समझा होगा; यदि प्राचीन काल में लोगों को हार का सामना करना पड़ता था, तो उनके विनाश का श्रेय उनके देवता के द्वारा उन्हें छोड़

देने को दिया जाता था (देखें, उदाहरण के लिए, 2 राजा. 18:25)।

आयतें 13-15. इसके बाद अगुवों ने प्रश्न का सीधे तौर पर उत्तर दिया। वे पुरुष मन्दिर का निर्माण इस लिए कर रहे थे क्योंकि **कुस्रू** ने उन्हें लौटकर इसे **बनाने की आज्ञा दी थी**। निस्संदेह, कुस्रू ने वे बहुमूल्य **पात्र** वापस कर दिए थे जिन्हें बेबीलोनियों ने तब **मन्दिर से ले लिया था** जब उन्होंने इसे नष्ट किया था, और उसने उन्हें निर्देश दिए थे कि वे इन **पात्रों** को **यरूशलेम में मन्दिर** के पुनः निर्माण के बाद रख दिया जाए (देखें 1:1-11)।

आयत 16. पात्र बताता है, कुस्रू की आज्ञा के परिणामस्वरूप, लोग लौट आए थे और मन्दिर का पुनर्निर्माण कर रहे थे, हालाँकि यह **अब तक नहीं बन पाया** था। यहूदियों का यह दावा कि **तब से अब तक यह बन रहा है**, इसे एक अतिशयोक्ति के रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि कई वर्षों तक मन्दिर पर काम रुक गया था; या यह हो सकता है कि उत्तर केवल यह कहने का एक तरीका था कि "काम तब शुरू हुआ और आज भी जारी है।"

इस समाचार में, **शेशबस्सर** को "अधिपति" कहा गया है, वह उसे वह व्यक्ति बताया गया जिसे मन्दिर के सोने के पात्र पहुँचाए गए थे, और उसी ने मन्दिर की **नींव डाली** थी। यह महत्वपूर्ण हो सकता है कि यह एक पुराना ब्यौरा था, एक ऐसा ब्यौरा जिसे फारसी अधिकारियों ने यहूदी प्रधानों के द्वारा सुना था कि पन्द्रह वर्ष से अधिक समय पहले क्या हुआ था (या उन्हें लगा कि उन्होंने इसे सुन रखा था)।

5:11-16 के विषय में, एच. जी. एम. विलियमसन ने टिप्पणी की और कहा कि तत्तनै को यहूदियों के उत्तर को उसकी स्वीकृति पाने के लिए आकार दिया गया था। उन्होंने, "पहले मन्दिर के अस्तित्व और फिर से पुनर्निर्माण के लिए कुस्रू की आज्ञा दोनों सहित अपनी परियोजना की निरन्तरता पर बल दिया, जो कई वर्षों पहले से दी गई थी।"[12]

आयत 17. पत्र को यह जानने के लिए एक विनती के साथ समाप्त किया गया है कि क्या वास्तव में कुस्रू ने मन्दिर के पुनर्निर्माण के लिए आज्ञा दी थी या नहीं, इसके लिए **बेबीलोन के राजभण्डार में इस बात की खोज की जाए**। इसके बाद ही तत्तनै को पता चलेगा कि यहूदियों की परियोजना का क्या करना है।

इस अनुरोध के साथ अध्याय समाप्त होता है, और पाठक को संदेह में छोड़ देता है कि क्या राजा किसी खोज की विनती का अनुपालन करेगा या नहीं, यदि उसने ऐसा किया, तो उसका परिणाम क्या होगा।[13] अध्याय 6 उन प्रश्नों का उत्तर देता है।

अनुप्रयोग

काम और बुद्धि (अध्याय 5)

पिछले पन्द्रह वर्षों के अपने ब्यौरे के आधार पर, यहूदियों से डरने और अपना काम छोड़ने की आशा की जा सकती है, जब प्रांत के अधिपति ने यह जानने की

मांग की कि परियोजना की आज्ञा किसने दी थी (5:3, 10)। हालाँकि, वे भयभीत नहीं हुए। वे कार्य को जारी रखने के लिए दृढ़ थे। वे न केवल कायनात के प्रभु द्वारा मन्दिर का निर्माण करने के लिए निर्देशित किए गए थे, बल्कि उनके काम को फारसी साम्राज्य के शासक ने भी अधिकृत किया था। उन्होंने अधिकारियों के प्रश्नों का विनम्रता से उत्तर दिया, परन्तु उन्होंने मन्दिर पर अपना काम जारी रखा (5:4, 5)।

कलीसिया के प्रयासों के लिए कार्य और बुद्धि पूर्ण संयोजन है। जब हम अपने पिता के काम को पूरा करते हैं (देखें लूका 2:49; KJV), तो हमें कानूनी आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए और बाधाओं को दूर करने में विनम्र होना चाहिए। हालाँकि, हमें कसी भी वस्तु को आत्माओं को बचाने और कलीसिया के निर्माण के प्रयासों को रोकने नहीं देना चाहिए।

विरोधी पक्ष को उत्तर देना (अध्याय 5)

एज्रा का तीसरा अध्याय बड़े आनन्द के साथ समाप्त होता है: मन्दिर की नींव सफलतापूर्वक रख दी गई थी! फिर चौथा अध्याय बताता है कि यहूदियों के शत्रुओं के विरोध के कारण पुनर्निर्माण का कार्य कैसे रुक गया। फिर, लगभग पन्द्रह वर्षों तक, नींव उनकी योजनाओं की विफलता के एक मूक गवाह के रूप में वहीं पड़ी रही। हालाँकि, वह परिस्थिति बनी नहीं रही। अध्याय 5 और 6 में, एज्रा ने दर्ज किया है कि अन्ततः मन्दिर किस प्रकार पूरा हुआ। असफलता की यह कहानी सफलता में समाप्त हुई!

उस सफलता को क्या लेकर आया? साधारण शब्दों में, हम कह सकते हैं कि वह प्रक्रिया जिसके कारण कार्य रुक गया था वह पलट गई। परमेश्वर ने उन विरोधियों पर जय प्राप्त करने के लिए यहूदियों का नेतृत्व किया जो पहले उनकी असफलता का कारण बने थे। यह किस प्रकार हुआ?

दो नबियों ने यहूदियों की भय और निराशा पर जय प्राप्त करने में सहायता की। मन्दिर का काम भय और निराशा के कारण रुक गया था (4:4)। हालाँकि, हम 5:1, 2 में देखते हैं कि दो नबियों ने लोगों को अपना काम फिर से आरम्भ करने के लिए प्रेरित किया: हाग्गै और जकर्याह।

नबियों ने क्या उपदेश दिया जो यहूदियों को मन्दिर के पुनर्निर्माण के लिए वापस जाने का कारण बना? वे मूल रूप से एक ही उद्देश्य वाले दो भविष्यद्वक्ता थे - यहूदियों को मन्दिर के पुनर्निर्माण के लिए फिर से तैयार करना। उन्होंने एक ही लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल किया। अलग-अलग और एक साथ, उन्होंने एक संदेश का प्रचार किया जिसने यहूदियों की भय और निराशा की समस्याओं को हल किया।

1. हाग्गै: भय का सामना करने के लिए आज्ञाकारिता। हाग्गै का तरीका सीधा था: उसने आज्ञाकारिता की आवश्यकता के लिए प्रचार किया। ऐसा करने के द्वारा, उसने यहूदियों को उस भय पर जय पाने में सहायता की जिसने उन्हें लाचार बना दिया था। उसने टिप्पणी की और कहा कि यहूदी कह रहे थे यहोवा

के भवन का निर्माण करने का समय अभी नहीं आया था, हालाँकि उन्होंने स्वयं के लिए उत्तम भवन बना लिए थे (हाग्गै 1:2-4)। इसके बाद सूचित किया कि क्योंकि उन्होंने परमेश्वर का कार्य की अनदेखी अपने कार्य के लिए की थी, इसलिए वे कष्ट सह रहे थे और सहते रहेंगे (हाग्गै 1:5, 6)। इसलिए, उसने उनसे कहा, "पहाड़ पर चढ़ जाओ और लकड़ी ले आओ और इस भवन को बनाओ; और मैं उसको देखकर प्रसन्न हूँगा, और मेरी महिमा होगी, यहोवा का यही वचन है" (हाग्गै 1:8)। उसके विषय में कुछ भी जटिल नहीं था। संदेश था: "पश्चाताप करो! आज्ञा का पालन करो! मन्दिर का निर्माण करो! ऐसा करने में तुम्हारी विफलता के कारण परमेश्वर ने देश को शाप दे दिया था।"

बाद में, हाग्गै ने उनसे प्रेरणादायक शब्द कहे, परन्तु यहाँ पर उसका संदेश एक चेतावनी था: "चाहे जो भी परिस्थिति हो, तुम्हें परमेश्वर की आज्ञा का पालन करना चाहिए!" यह विचार कि परमेश्वर ने शाप दिया है और जो लोग उसकी इच्छा को पूरा करने में करने में विफल रहते हैं उनको आगे भी देगा, यह किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए उपचार था जो परमेश्वर का कार्य करने के लिए अति भयभीत था!

लोगों ने क्या उत्तर दिया? हाग्गै 1:12 हमें बताता है:

> तब शालतीएल के पुत्र जरुब्बाबेल और के पुत्र यहोशू महायाजक ने सब बचे हुए लोगों समेत अपने परमेश्वर यहोवा की *बात मानी;* और जो वचन उनके परमेश्वर यहोवा ने उनसे कहने के लिये हाग्गै भविष्यद्वक्ता को भेज दिया था, उसे उन्होंने मान लिया; और लोगों ने यहोवा का *भय माना* (ब्लड दिया गया है)।

"सिद्ध प्रेम भय को दूर कर देता है" (1 यूहन्ना 4:18); हालाँकि, परमेश्वर का भय - अर्थात्, परमेश्वर और उसके वचन के प्रति भय या सम्मान - यह भी भय को दूर करेगा और आज्ञाकारिता की ओर ले जाएगा। यदि हम परमेश्वर से डरना सीखेंगे (सभो. 12:13), तो हमें किसी से भी डरने का कोई कारण नहीं होगा (लूका 12:4, 5)।

2. जकर्याह: निराशा का उपचार करने के लिए शान्ति। जकर्याह ने एक अलग ही तरीके का उपयोग किया: उसने शान्ति के वचनों का प्रयोग करके यहूदियों को उनकी निराशा पर विजय प्राप्त करने में सहायता की।

यहूदा के बलवे के इतिहास की दुखद कहानी की समीक्षा करने के बाद (जकर्याह 1:2-6), जकर्याह ने दर्शनों की एक श्रृंखला का वर्णन किया, जिसमें "अनुग्रहकारी वचन, शान्तिदायक वचन" सम्मिलित हैं (जकर्याह 1:13)। उसने यहोवा के इन वचनों को का प्रचार किया: 'इस कारण यहोवा यों कहता है, अब मैं दया करके यरूशलेम को लौट आया हूँ; मेरा भवन उस में बनेगा, और यरूशलेम पर नापने की डोरी डाली जाएगी, सेनाओं के यहोवा की यही वाणी है। फिर यह भी पुकारकर कह कि सेनाओं का यहोवा यों कहता है : "भवन उस में बनेगा ... मेरे नगर फिर उत्तम वस्तुओं से भर जाएँगे, और यहोवा फिर सिय्योन को शान्ति देगा; और यरूशलेम को फिर अपना ठहराएगा" (जकर्याह 1:16, 17)। जहाँ हाग्गै

ने अनाज्ञाकारिता के विनाशकारी परिणामों पर बल दिया, जकर्याह ने परमेश्वर की शान्ति देने वाली प्रतिज्ञाओं पर बल दिया।

हम किस प्रकार निराशा पर विजय प्राप्त कर सकते हैं? इसका एक तरीका परमेश्वर की बहुमूल्य प्रतिज्ञाओं को स्मरण करना है। उन प्रतिज्ञाओं में परमेश्वर के संत शान्ति प्राप्त कर सकते हैं (देखें, उदाहरण के लिए, 1 थिस्स. 4:13-18)। परमेश्वर की सामर्थ्य के द्वारा भय और निराशा के सामना करने से, लोग मन्दिर का काम आरम्भ कर सके और किया।

इन दोनों नबियों के वचनों और कार्यों के द्वारा हम कुछ प्रासंगिक पाठ सीख सकते हैं: (1) परमेश्वर के वक्ता एक ही लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भिन्न तरीकों की खोज कर सकते हैं। यह उचित है, उदाहरण के लिए, एक प्रचारक के लिए परमेश्वर के न्याय पर बल देना, और दूसरे का उसकी दया पर बल देना; या उसी प्रचारक के लिए एक समय परमेश्वर के क्रोध और अन्य समय पर उसकी दया पर बल देना। एक समय परमेश्वर के क्रोध और अन्य समय पर उसकी दया पर बल देना। (2) यदि आज परमेश्वर का कार्य रुक जाता है, तो परमेश्वर अपने वक्ताओं का उपयोग लोगों को पश्चाताप करने और फिर काम लग जाने के लिए प्रेरणा देने के लिए करता है। इस प्रकार का प्रचारक कौन बनेगा? (3) परमेश्वर के लोगों को निश्चय ही उसके वक्ताओं की विनती के प्रति सकारात्मक तौर पर प्रतिक्रिया करनी चाहिए। ऐसे सुनने वाले कौन बनेंगे?[14]

लोगों ने काम और बुद्धि के द्वारा उत्तर दिया। जैसे ही निर्माण कार्य पुनः आरम्भ हुआ, समस्याएं भी आरम्भ हो गईं। उस प्रांत के अधिपति आए और आकर पूछा की इस परियोजना की आज्ञा किसने दी थी और इस पुन: निर्माण की अगुआई कौन कर रहा था (5:3, 10)। हमने उनके पहले पन्द्रह वर्षों के ब्यौरे के आधार पर यहूदियों से आशा की होगी, कि वे पूछताछ के कारण भय से कांपेंगे और काम रोक देंगे। हालाँकि, वे भयभीत नहीं हुए थे। उन्होंने अधिकारियों के प्रश्नों का उत्तर नम्रता से दिया, परन्तु निर्माण कार्य में लगे रहे। हम पढ़ते हैं.,

> उन्होंने लोगों से यह भी कहा, "इस भवन के बनाने वालों के क्या नाम हैं?"[15] परन्तु यहूदियों के पुरनियों के परमेश्वर की दृष्टि उन पर रही, इसलिये जब तक इस बात की चर्चा दारा से न की गई और इसके विषय चिट्ठी के द्वारा उत्तर न मिला, तब तक उन्होंने इनको न रोका (5:4, 5)।

अध्याय यहूदियों के विरोधियों द्वारा भेजे गए समाचार के साथ जारी है, जो स्वयं यहूदियों द्वारा उनके प्रश्नों के उत्तर को उद्धृत करता है (5:6-17)। इस बार यहूदियों ने काम जारी रखने की ठानी। अधिकारियों के साथ उनके व्यवहार में समझदारी थी। उन्होंने विनम्रता से उत्तर दिया, वे बलवा नहीं कर रहे थे, और उन्होंने स्पष्ट रूप से कोई नाराजगी नहीं दिखाई। वे अपने लिए विवरण को बात करने देने को तैयार थे, क्योंकि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं था। वे न केवल कायनात के प्रभु द्वारा मन्दिर बनाने के लिए निर्देशित किए गए थे, बल्कि उन्हें काम करने के लिए फारसी साम्राज्य के शासक द्वारा अधिकृत भी किया गया

था। यहूदियों ने इस घटना को अपने काम को बाधित करने की अनुमति नहीं दी। जब मामले की जाँच की जा रही थी, वे काम करते रहे।

काम और बुद्धि: परमेश्वर के लिए एक कार्य में सम्मिलित कलीसिया या एक कलीसिया एक अगुवे से बेहतर संयोजन की कल्पना करना कठिन होगा! हमें अपने कार्य में बुद्धि के साथ जाना चाहिए, इसे सबसे अच्छे तरीके से करना चाहिए। हमें कलीसिया का निर्माण करने की प्रक्रिया में, शत्रु नहीं, मित्र बनाने चाहिए। हमें कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए, उदाहरण के लिए, बुद्धिमत्ता के सम्भव तरीके से - विनम्रता से, खुले तौर पर, और अनावश्यक संघर्ष के बिना। उसी समय, जब हम बुद्धि के साथ काम करते हैं, तो हमें काम करना नहीं भूलना चाहिए! हमें सदैव अपने पिता के कार्य पर होना चाहिए (देखें लूका 2:49; KJV)। हमें आत्माओं को बचाने और कलीसिया के निर्माण के लिए अपने प्रयासों को किसी भी वस्तु को रोकने नहीं देना चाहिए।

परमेश्वर अपने लोगों के साथ था। परमेश्वर के बिना, कोई भी कार्य पूरा नहीं किया जा सकता। यह मुख्य पाठ है जो पुराने नियम के द्वारा सिखाया गया है। इस कथानक में, यह स्पष्ट है कि परमेश्वर ने यहूदियों की समस्या के हल में एक भूमिका निभाई। लेखक ने कहा, "परन्तु यहूदियों के पुरनियों के परमेश्वर की दृष्टि उन पर रही, उन्होंने इनको न रोका" (5:5)। क्या हुआ था? सरकारी कर्मचारियों ने यहूदियों को पुनः निर्माण से न रोका, बल्कि पत्र को राजा को भेज दिया (5:6-17) जिन्हें अंततः पता चला कि यहूदियों को वास्तव में मन्दिर बनाने का अधिकार दिया गया था। उसने तब प्रांत के अधिकारियों को पास उत्तर भेजा ताकि यहूदियों को काम समाप्त करने की अनुमति मिल सके; उसने यहाँ तक कहा कि निर्माण के खर्च का भुगतान सरकारी खजाने से किया जाना चाहिए। इस प्रकार अध्याय 6 हमें बताता है कि पुनर्निर्माण पूरा हो गया था।

काम के सफल समापन के लिए कौन जिम्मेदार था? एक अर्थ में, पुरुष थे - यहूदी, दो नबी हाग्गै और जकर्याह, यहूदियों के प्रधान, यहाँ तक कि राजा भी। दूसरे अर्थ में, परमेश्वर था क्योंकि वह इसके पीछे था। हमें इन कारकों को किस प्रकार एक साथ रखना चाहिए - पुरुषों की भूमिका और परमेश्वर की भूमिका? जब हम वह करते हैं जो परमेश्वर ने हमें करने का निर्देश दिया है, जब हम पहली बातों को पहले रखते हैं, परमेश्वर की आज्ञा का पालन करते हैं, और दृढ़ता और बुद्धिमत्ता के साथ अपना काम करना आरम्भ करते हैं, तो हम परमेश्वर को उसकी इच्छा को पूरा करने के लिए हमारे माध्यम से काम करने देते हैं।

उपसंहार। हमारा काम परमेश्वर की इच्छा को पूरा करना है, और इसके बाद परमेश्वर को यह काम करने देना है कि वह किस प्रकार हमें और हमारे प्रयत्नों का उसके राज्य में दूसरों को आशीष देने और कलीसिया का निर्माण करने के लिए उपयोग करेगा।

परमेश्वर की दृष्टि (5:5)

एज्रा 5:5 के अनुसार, जब फारसी अधिकारियों ने मन्दिर के पुनर्निर्माण के

लिए यहूदियों के अधिकार को चुनौती दी, इसलिये जब तक इस बात की चर्चा दारा से न की गई और इसके विषय चिट्ठी के द्वारा उत्तर न मिला, तब तक उन्होंने इनको न रोका क्योंकि "यहूदियों के पुरनियों के परमेश्वर की दृष्टि उन पर रही।"

"परमेश्वर की दृष्टि" उसके लोगों पर परमेश्वर की सुरक्षात्मक देखभाल के विषय में बताने का एक रंगीन तरीका है। जैसा कि टिप्पणीकार बताते हैं, संदर्भ में, इसने उन पुरुषों के विरुद्ध एक अन्तर किया होगा जो फारसी राजा के लिए जासूसी करते थे, वे पुरुष उसके पूरे साम्राज्य में बिखरे हुए थे और उन्हें "आँखों" और "कानों" के रूप में जाना जाता था। परमेश्वर की "दृष्टि" फारसी सम्राट की "आँखों" की तुलना में अधिक शक्तिशाली और प्रभावी थी।

समाप्ति नोट

[1]एडविन एम. यमूची, "एज्रा एण्ड नहेम्याह," इन *जोंडरवैन इलस्ट्रेटेड बाइबल बैकग्राउंडस कमेंट्री*, *वॉल्यूम 3, 1 एण्ड 2 राजा, 1 एण्ड 2 इतिहास, एज्रा, नहेम्याह, एस्तेर*, एड. जॉन एच. वाल्टन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन, 2009), 409. [2]एडविन एम. यमूची, "एज्रा-नहेम्याह," में *द एक्सपोजिटर्स बाइबल कमेंट्री*, वॉल्यूम 4, *1 राजा-अय्यूब*, एड. फ्रैंक ई. गैब्लिन [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1988], 635. [3]फ्रेड्रिक कार्लसन होल्मग्रेन, *इज़राइल अलाइव अगेन: ए कमेंट्री ऑन द बुक्स ऑफ़ एज्रा एण्ड नहेम्याह*, इंटरनेशनल थियोलॉजिकल कमेंट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1987), 37. [4]शास्त्रों के बाहर, तत्तनै को क्यूनिफॉर्म दस्तावेज़ जो लगभग 502 ई.पू. है, उसमें में ट्रांसयूफ्रेट्स के "अधिपति" के रूप में जाना जाता है। (ए. टी. ओल्मस्टेड, "टैटनई, गवर्नर ऑफ 'अक्कॉस द रिवर,'" *जर्नल ऑफ़ नियर ईस्टर्न स्टडीज़* 3 [1944]: 46.) [5]अरामी शब्द בֵּית *(बयिथ)*, जिसका अनुवाद आयतें 9, 11 और 12 "मन्दिर" में भी क्या गया है, उसका शाब्दिक अर्थ "भवन" है। [6]रूबेन रतज़लफ एण्ड पॉल टी. बटलर, *एज्रा, नहेम्याह एण्ड एस्तेर*, बाइबल स्टडी टेक्स्टबुक सीरीज़ (जोप्लिन, मिसौरी: कॉलेज प्रेस, 1979) 62. [7]कीथ एन. शॉविल, *एज्रा-नहेम्याह*, द कॉलेज प्रेस एनआईवी कमेंट्री (जोप्लिन, मिसौरी: कॉलेज प्रेस पब्लिशिंग क., 2001), 86. [8]इस तरह का एक प्रश्न, एक छोटे से तरीके से, एक आधुनिक नगर में एक भवन निरीक्षक के समान हो सकता है, जो एक निर्माण दल से पूछ रहा है कि वह उसे अपनी इमारत की अनुमति दिखाए। [9]मार्क ए. थ्रोनवीट, *एज्रा-नहेम्याह*, इन्टरप्रिटेशन (लुईविल: जॉन नॉक्स प्रेस, 1992), 33. [10]ए. ई. कंडल इन *द न्यू बाइबल कमेन्ट्री:* रिवाइज्ड, एडिटर डी. गथरी एड. जे. ए. मोटिर (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी क., 1970), 401.

[11]थ्रोनवीट, 33. [12]एच. जी. एम. विलियमसन, *एज्रा, नहेम्याह*, वर्ड बिब्लिकल कमेन्ट्री, वॉल्यूम 16 (वाको, टेक्सास.: द वर्ड बुक्स, 1985), 78. [13]पाठक जानता है कि यहूदियों के लिए राजभण्डार की एक पूर्व खोज बुरी सिद्ध हुई, जो यह पुष्टि करती है कि वे बलवा करने वाले लोग थे (4:15-23)। [14]यह अनुच्छेद इस्राएल के समाज और प्रभु की कलीसिया के बीच समानता, जो कि परमेश्वर का आत्मिक इस्राएल है (1 पतरस 2:9, 10) और पुराने नियम के नबियों के बीच जो तब परमेश्वर के वक्ता थे, और प्रचारक, जो आज परमेश्वर के वक्ता के रूप में काम करते हैं उनके बीच समानता पर आधारित है। [15]अन्य संस्करण LXX का अनुसरण करते हैं और 5:4 में एक अलग शब्द है। उदाहरण के लिए, REB में *"उन्होंने* निर्माण में लगे पुरुषों के नाम *भी पूछे"* (बल दिया गया है) है।